# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## First Term Examination (18 September 2025)
## Subject - Hindi
## Class - VI (SET - B)

Time: 3 hrs. MM: 80

(भाग-क) पठन

**प्र1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें:** (5)

**आम भारत का राष्ट्रीय फल है। यह एक गूदेदार फल होता है जो वैज्ञानिक दृष्टि से मैगनीफेरा नामक प्रजाति से संबंधित है। आम में विटामिन ए, सी एवं डी होता है इसलिए इसे 'फलों का राजा' भी कहते हैं।**

**भारत में आम की सौ से भी अधिक किस्में उपलब्ध हैं। आम विभिन्न रंगों, आकार एवं आकृति के होते हैं। इसकी पैदावार भारत में अति प्राचीन समय से होती आई है। लोग आम को काटकर और चूसकर खाते हैं। कच्चे आम का अचार, चटनी एवं अन्य तरीकों से भी प्रयोग किया जाता है। गर्मियों में कच्चे आम का पना, गर्मी के तीव्र ताप तथा लू से बचाता है। आम का वृक्ष शुभ माना जाता है अतः पूजा में इसकी पत्तियों का प्रयोग किया जाता है।**

क) आम किस प्रजाति का फल है?
ख) आम को फलों का राजा क्यों कहते है?
ग) लोग आम कैसे खाते हैं?
घ) कच्चे आमों का प्रयोग किस-किस रूप में किया जाता है?
ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(भाग-ख) पाठ्य पुस्तक

**प्र2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें: (कोई 4)** (2)

1) नवीन 2) मुक्ति 3) गटकना 4) दृढ़ता 5) आविष्कार 6) ड्रोन

**प्र3. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें:** (4)

सेंसर, दर्शक, इलज़ाम, फीस

**प्र4.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दें-(5×1=5)**

क) 'आधुनिक कूड़ेदान' पाठ में अर्जुन ने अपने कूड़ेदान का मॉडल कहाँ प्रस्तुत किया?
ख) 'मुक्ति की आकांक्षा' कविता में चिड़िया को बाहर की हवा में किसकी गंध नहीं मिलेगी?
ग) 'नई तकनीक' कविता में नई तकनीक का क्या प्रभाव बताया गया है?
घ) साइकिल चलाने से होने वाले कोई दो लाभ लिखिए।
ङ) 'मैंने सीखी साइकिल' पाठ के अंत में आर्यन ने सपना दीदी को साइकिल चलाकर दिखाया तो उस समय सपना ने कौन-सा भाव दर्शाया?
च) अर्जुन ने किन रंगों के कूड़ेनान बनाए थे?

B-1

Scanned with OKEN Scanner

प्र5.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-तीन, पंक्तियों में दें-(3×2=6)

क) 'मुक्ति की आकांक्षा' कविता में पिंजरे में सुख-सुविधाएँ मिलने पर भी चिड़िया बाहर की निर्मम दुनिया में क्यों जाना चाहती है? कारण लिखिए।

ख) साइकिल चलाना सीखने के दौरान आर्यन ने भविष्य के लिए क्या-क्या सपने देखे?

ग) अर्जुन के आधुनिक कूडेदान की सफलता के पीछे कौन-से मुख्य कारण थे?

घ) कोई ऐसे तीन काम लिखिए, जो नए तकनीक से आसान हो गए है। ये भी लिखिए कि उन कामों को पहले कैसे किया जाता था और अब कैसे किया जाता है?

प्र6. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें: (4)

सहसा सामने से आर्यन के पड़ोसी तिवारी जी आते हुए दिखाई दिए। आर्यन ने उन्हें भी दूर से ही सावधान कर दिया, "तिवारी जी, बाईं तरफ हो जाइए वरना साइकिल आपके ऊपर चढ़ जाएगी।" तिवारी जी ने अपनी छोटी-छोटी आँखों से उसकी तरफ देखा और ज़ोर-से बोले, "ज़रा एक बात तो सुनते जाओ।"

आर्यन ने एक बार हैंडल की तरफ, दूसरी बार तिवारी जी की तरफ देखकर जवाब दिया, "इस समय बात कैसे सुन सकता हूँ? देखते नहीं है, साइकिल पर सवार हूँ।"

तिवारी ती बोले, "तो क्या जो साइकिल चलाते हैं वो किसी की बात नहीं सुनते हैं? बड़ी जरूरी बात है, ज़रा उतर जाओ।" आर्यन ने लड़खड़ाती हुई साइकिल को सँभालते हुए जवाब दिया, "उतर जाऊँगा तो फिर चढ़ाएगा कौन? अभी चलाना सीखा है, चढ़ना और उतरना नहीं सीखा।" तिवारी जी चिल्लाते ही रह गए और आर्यन आगे निकल गया।

1) हमें सड़क पर साइकिल कैसे चलानी चाहिए?
   क) लापरवाही से  ख) सावधानी से  ग) चिल्लाते हुए  घ) घबराते हुए
2) हमें सड़क के किस तरफ चलना चाहिए?
   क) दाईं तरफ  ख) बीच में  ग) बाईं तरफ  घ) कहीं भी
3) हमें पर्यावरण से प्रदूषण कम करने के लिए कौन-सा वाहन चलाना चाहिए?
   क) मोटर साइकिल  ख) स्कूटर  ग) साइकिल  घ) (क) और (ख) दोनों
4) कुछ भी नया सीखने के लिए हमारे अंदर कौन-से गुण होना चाहिए?
   क) उत्साह  ख) आलस्य  ग) लगन  ग) (क) और (ग) दोनों

## (भाग-ग) व्यावहारिक व्याकरण

प्र7क) निम्नलिखित शब्दों का सही मिलान करके दोबारा लिखें: (2)

| | |
|---|---|
| क) वर्ण | 1) लिपियाँ |
| ख) भाषण | 2) क से म तक |
| ग) देवनागरी, गुरूमुखी | 3) मौखिक रूप (भाषा से) |
| घ) स्पर्श व्यंजन | 4) भाषा की सबसे छोटी ईकाई |

B-2

Scanned with OKEN Scanner

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (2)

1) अनुनासिक को सरल रूप में क्या कहा जाता है?

2) हिंदी के अलावा देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली दो अन्य भाषाओं के नाम बताइए।

ग) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरस्वरूप सही विकल्प छाँटिए:- (2)

1) भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान कराने वाले शास्त्र को क्या कहते है?

क) व्याकरण ख) गुरमुखी ग) लिपि घ) ग्रंथ

2) हिंदी वर्णमाला में कितने संयुक्त व्यंजन है?

क) 8 ख) 6 ग) 4 घ) 10

प्र8. निम्नलिखित वाक्यों में कोष्टक () में दिए गए शब्दों के लिंग बदल कर वाक्य को दुबारा लिखिए :- (2)

क) (सेठ) बहुत लालची है।

ख) (पंडित जी) लीन होकर पूजा कर रहे है।

प्र9. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए: (3)

कली, लता, लिपि, मिठाई, तबला, ऋतु

प्र10. निम्नलिखित रेखांकित शब्दों का सर्वनाम भेद बताएँ: (3)

क) सड़क पर कुछ पड़ा है।

ख) हम अपना काम अपने आप कर सकते है।

ग) वे कल कहाँ गए थे?

प्र11. निम्नलिखित रेखांकित विशेषण शब्दों का भेद बताएँ: (3)

क) यह कार मेरे भाई की है।

ख) यह रोचक कहानी है।

ग) मम्मी ने पाँच मीटर कपड़ा खरीदा।

प्र12क) संधि करें: (2+1)

क) महा + आत्मा ख) परि + ईक्षा ग) भू + उष्मा घ) कथा + अंश

ख) संधि विच्छेद कीजिए - भानूदय

प्र13. निम्नलिखित समस्तपदों का समास विग्रह कीजिए: (3)

क) माता-पिता ख) रात-दिन ग) सीताराम

प्र14क) निम्नलिखित उपसर्ग लगाकर दो-दो शब्द बनाइए: (कोई 2) (2+1)

हेड, बद, खुश

ख) 'अलसुबह' शब्द से उपसर्ग व मूल शब्द अलग-अलग करके लिखिए।

प्र15. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें: (कोई 3) (3)

आभूषण, इच्छा, दुख, वायु

B-3

Scanned with OKEN Scanner

प्र16. निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके दोबारा लिखिए: (3)

सरीता, सुर्य, पोधा, गनेश, दूद, रिषि

प्र17क) निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्न का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखिए:(2+2)

1) बच्चो आपको भी रोज़ाना सैर पर जाना चाहिए

2) सच बोलने वाले को सत्यवादी कहते है

ख)1.(' ') इस विराम चिह्न को क्या कहते है? सही विकल्प चुनिए:

1) दोहरा उद्धरण चिह्न 2) योजक चिह्न 3) इकहरा उद्धरण चिह्न 4) 1 और 2 दोनों

2.(?) इस विराम चिह्न को क्या कहते है? सही विकल्प चुनिए:

1) पूर्ण विराम चिह्न 2) योजक चिह्न 3) इकहरा उद्धरण चिह्न 4) प्रश्न सूचक चिह्न

प्र18क) निम्नलिखि मुहावरों के अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य बनाओ: (कोई 2) (2)

अगर-मगर करना, एक आँख से देखना, कमर कसना

ख) निम्नलिखित मुहावरों को उनके अर्थ से मिलाइए: (2)

| | |
|---|---|
| क) अंग-अंग ढीला होना | 1) बहुत ऊँचा होना |
| ख) उन्नीस-बीस का अंतर होना | 2) भला-बुरा कहना |
| ग) आसमान से बातें करना | 3) बहुत थक जाना |
| घ) खरी-खोटी सुनाना | 4) मामूली-सा अंतर होना |

## (खण्ड-घ) लेखन

प्र19. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें: (5)

मेरा पौधा अथवा मेरी प्रिय अध्यापिका

प्र20. किसी एक विषय पर अनौपचारिक पत्र लिखें। (5)

आपका छोटा भाई हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा है। उसको यह बताते हुए पत्र लिखें कि इस बार उसके लगाए, आम के पेड़ पर बौर आ गया है और जब वह गरमी की छुट्टियों में घर लौटेगा, तो उसे इस पर आम लगे मिलेंगे।

अथवा

आपकी रचना 'मेरा टॉमी' ई-पत्रिका के 'बाल कलम' में प्रकाशित हुई है। आप यह खुशखबरी देते हुए अपने पिता जी को पत्र लिखिए।

प्र21. निम्नलिखित चित्र को देखकर 6-7 पंक्तियों में वर्णन कीजिए। (4)



B-4